दैनिक जागरण 12/06/2026

# सीएसए में रिक्त पदों पर नियमानुसार हो भर्तियां, न मिले शिकायत :सूर्य प्रताप शाही

## कृषि मंत्री ने सीएसए में शैक्षणिक, शोध कार्यों की समीक्षा बैठक में दी हिदायत, दलहन और तिलहन के रकबा बढ़ाने पर दिया जोर

जागरण संवाददाता, कानपुर : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही गुरुवार को शहर में एक निजी वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। इसके बाद उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों और नई भर्तियों की प्रक्रिया को लेकर जानकारी जुटाई। उन्होंने नियमानुसार नई भर्तियां करने और शिकायतें न मिलने की हिदायत दी। खरीफ बोआई पर कहा कि विश्वविद्यालय के सभी प्रक्षेत्रों पर गर्मी की जुताई के साथ ही हरी खाद बोआई के बाद योजना बनाकर खरीफ में शत-प्रतिशत बोआई की जाए। विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाएं। दलहन और तिलहन के रकबा बढ़ाने पर जोर दिया गया।

प्रदेश में चल रहे खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमों में सभी विज्ञानियों और अधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के लिए कहा, जिससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें। कृषि मंत्री ने गृह विज्ञान महाविद्यालय में छात्राओं से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। यहां कुलपति डा. संजीव गुप्ता, डा. महक सिंह, डा. वीके त्रिपाठी, डा. कौशल कुमार, डा. सीएल मौर्या, डा. सीमा सोनकर, डा. रामजी गुप्ता, निदेशक कृषि योगेश प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि कानपुर मंडल धर्मेंद्र कुमार व विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।



सीएसए में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका और छात्राओं से जानकारी लेते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ( बाएं से दूसरे ) । साथ में कुलपति डा. संजीव गुप्ता ( बाएं ) • जागरण

### बीज वितरण में तेजी लाएं, खाद-बीज की किल्लत न हो

जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। कृषि मंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों में कम से कम 20 मीट्रिक टन यूरिया और 10 मीट्रिक टन डीएपी रहना जरूरी है। जल्द इसका आदेश जारी करें। बीज वितरण प्रक्रिया में तेजी लाएं। हर पात्र व्यक्ति तक बीज की पहुंच सुनिश्चित की जाए। बीज और खाद को लेकर कोई किल्लत न सुनने को मिले। नियमानुसार ही बीज और खाद का वितरण हो। उन्होंने कहा कि सीएसए के कृषि विज्ञानियों की संयुक्त टीम बनाकर गांवों में वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए जागरूक किया जाए। बैठक में उप निदेशक कृषि आरएस वर्मा सहित अन्य कृषि अधिकारी रहे।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र | एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजि

12 : 06 : 2026 | वर्ष 20 अंक 151 | RNI-No. UP

## कृषि मंत्री ने सीएसए में की समीक्षा बैठक



कानपुर (अनवर अशरफ ) चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में विश्वविद्यालय में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें कृषि मंत्री ने कहा कि नियमानुसार विश्वविद्यालय में नई भर्तियां करें तथा विश्वविद्यालय के सभी प्रक्षेत्रों पर गर्मी की जुताई के साथ ही हरी खाद बुवाई के बाद योजना बनाकर खरीफ में शत-शत बुवाई करें। तथा विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाएं,साथ ही दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाए, प्रदेश में चल रही खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमों में सभी वैज्ञानिक, अधिकारी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिससे किसान भाई अधिक से अधिक लाभान्वित हो।इसके उपरांत कानपुर के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता डॉ महक सिंह,डॉ वी के त्रिपाठी, डॉक्टर कौशल कुमार, डॉक्टर सी एल मौर्या डॉ सीमा सोनकर, डॉ राम जी गुप्ता,निदेशक कृषि श्री योगेश प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि कानपुर मंडल श्री धर्मेंद्र कुमार एवं विश्वविद्यालय से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएसए में अध्ययनरत छात्राओं का हुआ हीमोग्लोबिन परीक्षण



कानपुर (अनवर अशरफ )चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आज विश्वविद्यालय स्थित डिस्पेंसरी में सरोजिनी नायडू कन्या छात्रावास की छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करना तथा रक्ताल्पता (एनीमिया) की स्थिति का पता लगाना था।परीक्षण के दौरान 235 छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया गया तथा उन्हें आयरन युक्त एवं संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही, एनीमिया की रोकथाम एवं समग्र स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी प्रदान किए गए। मेडिकल अधिकारी डॉक्टर एस के सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, वार्डन डॉ. विनीता सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता, सहायक वार्डन डॉ. जया वर्मा एवं अन्य शिक्षिकाओं के विशेष सहयोग एवं देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सभी संबंधित अधिकारियों, चिकित्सकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर बल दिया गया।

# सीएसए की छात्राओं का हुआ हीमोग्लोबिन परीक्षण

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 11 जून। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की सलाह पर गुरुवार को विश्वविद्यालय स्थित डिस्पेंसरी में सरोजिनी नायडू कन्या छात्रावास की छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करना तथा रक्ताल्पता (एनीमिया) की स्थिति का पता लगाना था। परीक्षण के दौरान 235 छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया गया तथा उन्हें आयरन युक्त एवं संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही, एनीमिया की रोकथाम एवं समग्र स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी प्रदान किए गए। मेडिकल अधिकारी डॉक्टर एस के सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, वार्डन डॉ. विनीता सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता, सहायक वार्डन डॉ. जया वर्मा एवं अन्य शिक्षिकाओं के विशेष सहयोग एवं देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सभी संबंधित अधिकारियों, चिकित्सकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर बल दिया गया।



सीएसए के होम साइंस कॉलेज में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# कृषि मंत्री ने सीएसए में की समीक्षा बैठक



दैनिक कानपुर उजाला

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में विश्वविद्यालय में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री  सूर्य प्रताप शाही ने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें कृषि मंत्री ने कहा कि नियमानुसार विश्वविद्यालय में नई भर्तियां करें तथा विश्वविद्यालय के सभी प्रक्षेत्रों पर गर्मी की जुताई के साथ ही हरी खाद बुवाई के बाद योजना बनाकर खरीफ में शत-शत बुवाई करें। तथा विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाएं,साथ ही दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाए, प्रदेश में चल रही खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमों में सभी वैज्ञानिक, अधिकारी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिससे किसान भाई अधिक से अधिक लाभान्वित हो।इसके उपरांत कानपुर के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता डॉ महक सिंह, डॉ वी के त्रिपाठी, डॉक्टर कौशल कुमार, डॉक्टर सी एल मौर्या डॉ सीमा सोनकर, डॉ राम जी गुप्ता, निदेशक कृषि योगेश प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि कानपुर मंडल धर्मेंद्र कुमार एवं विश्वविद्यालय से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान 12/06/2026

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को सीएसए के कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक क

# बारिश कम हुई तो दलहन और तिलहन को बढ़ाएं किसान: शाही

**समीक्षा बैठक**

- शीड प्रोडक्शन संग हरी खाद के बीज उत्पादन बढ़ाने का निर्देश
- केवीके वैज्ञानिकों के साथ प्रोफेसर भी साथ में जाएं

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को सीएसए के कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि इस साल बारिश कम होने के आसार हैं, इसलिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। धान की पौध लगाने के बजाए सीधे बुआई करें, जिससे पानी की खपत कम होगी। किसानों को धान के बजाए दलहन व तिलहन फसलों के प्रति प्रोत्साहित करें।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कृषि मंत्री ने कहाकि विवि में रिक्त पदों पर जल्द भर्तियां पूरी करें। शासन से कोई रुकावट नहीं है। जिससे छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा मिल सके। विवि के सभी प्रक्षेत्रों पर गर्मी की जुताई के साथ ही हरी खाद बुवाई के बाद योजना बनाकर खरीफ में शत-शत बुवाई करें। जिससे हरी खाद का शीड प्रोडक्शन किया जाए। अभी तक विवि की ओर से काफी कम मात्रा में शीड प्रोडक्शन होता है। विवि के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाने के साथ शीड प्रोडक्शन को बढ़ाया जाए। कृषि मंत्री ने कहा खेतों तक अभी केवीके के वैज्ञानिक जा रहा हैं। अब वहां प्रोफेसर भी जाएं और किसानों को प्रोत्साहित करें। दो घंटे तक चली बैठक में कृषि मंत्री ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, दीक्षांत और राज्यपाल के निर्देशों के अनुसार सभी तैयारी करने पर जोर दिया। इस मौके प विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, ड महक सिंह, डॉ. वीके त्रिपाठी, ड कौशल कुमार, डॉ. सीएल मौर्या, ड सीमा सोनकर, डॉ. रामजी गुप्ता रहे।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सीएसए के कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक की।

## राज्यपाल से पहले हॉस्टल पहुंचे मंत्री

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गर्ल्स हॉस्टल का भी निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से हॉस्टल की स्थिति, भोजन समेत अन्य सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने बताया कि अब सुधार है। हॉस्टल के वाशरूम साफ हैं, खान-पान की गुणवत्ता भी काफी अच्छी है। लाइब्रेरी की दिक्कत थी, जो अब खत्म हो गई है। अब रविवार को लाइब्रेरी खुलने के साथ रोजाना सुबह 6 बजे से रात आठ बजे तक खुलती है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी में अतिरिक्त कूलर का भी इंतजाम किया जा रहा है।

## सहकारी समिति में 20 मीट्रिक टन यूरिया जरूरी

कानपुर। निजी कार्यक्रम में आए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को सीएसए विवि. में कृषि विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने उपनिदेशक कृषि आरएस वर्मा समेत अन्य अफसरों के साथ रिव्यु किया। कृषि मंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों में कम से कम 20 मीट्रिक टन यूरिया और 10 मीट्रिक टन डीएपी रहना जरूरी है। इससे कम नहीं होनी चाहिए। बीज वितरण में कमी पर मंत्री ने कहा कि वितरण में तेजी लाई जाए। हर पात्र व्यक्ति तक बीज पहुंचे। बीज और खाद को लेकर कोई मारामारी न हो। नियम के मुताबिक, बीज और खाद का वितरण किया जाए। मानीटरिंग की जाए। सभी विभाग मिलकर विकसित कृषि संकल्प अभियान तेजी के साथ चलाए। किसानों की मदद की जाए।

2026 में शामिल होना अनिवार्य है। (ब्यूरो)

# सीएसए में 235 छात्राओं के खून की हुई जांच

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में गुरुवार को 235 छात्राओं के खून की जांच हुई। उनका हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया गया। उन्हें आयरन युक्त भोजन और संतुलित आहार की जानकारी दी गई। दीक्षांत समारोह के दौरान होने वाले मां-बेटी सम्मेलन में छात्राओं की मां को ब्लड रिपोर्ट सौंपी जाएगी। मेडिकल अधिकारी डॉ. एसके सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, वार्डन डॉ. विनीता सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता रहे। (ब्यूरो)

अमर उजाला 12/06/2026

# दलहन व तिलहन का क्षेत्र बढ़ायें : सूर्य प्रताप शाही

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 11 जून। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में विश्वविद्यालय में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें कृषि मंत्री ने कहा कि नियमानुसार विश्वविद्यालय में नई भर्तियां करें तथा विश्वविद्यालय के सभी प्रक्षेत्रों पर गर्मी की जुताई के साथ ही हरी खाद बुवाई के बाद योजना बनाकर खरीफ में शत-शत बुवाई करें। विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाएं,साथ ही दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाए, प्रदेश में चल रही खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमों में सभी वैज्ञानिक, अधिकारी



सीएसए में समीक्षा बैठक करते मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।जिससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो। कोई भी खेत खाली नहीं रहना चाहिए। फसल की योजना बनाकर खेती करायें। इस बार बारिश कम होगी बुंदेलखण्ड के किसान धान की खेती कतई न करें। उन्हें दलहन व तिलहन की खेती पर जोर देना चाहिए। बैठक के अंत में कानपुर के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता डॉ महक सिंह,डॉ वी के त्रिपाठी, डॉक्टर कौशल कुमार, डॉक्टर सी एल मौर्या डॉ सीमा सोनकर, डॉ राम जी गुप्ता,निदेशक कृषि श्री योगेश प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि कानपुर मंडल धर्मेंद्र कुमार एवं विश्वविद्यालय से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

Campus

अमर उजाला 12/06/2026

# सीएसए रिक्त पदों को भरें: सूर्य प्रताप शाही



सीएसए में समीक्षा बैठक लेते कृषि मंत्री।

कानपुर। विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर जल्द भर्तियां पूरी करें, जिससे छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा मिल सके। शासन से कोई रुकावट नहीं है। यह निर्देश प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने शैक्षणिक, शोध एवं विस्तार गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि इस साल बारिश कम है, तैयारियां अभी से शुरू कर दें। धान की पौध लगाने के बजाय सीधे बुआई करें, जिससे पानी की खपत कम होगी। किसानों को धान के बजाय दलहन व तिलहन फसलों के प्रति प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों के राजस्व को बढ़ाने के साथ शीड प्रोडक्शन को बढ़ाया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि खेतों तक अभी केवीके के वैज्ञानिक जा रहे हैं। अब वहां प्रोफेसर भी जाएं और किसानों को प्रोत्साहित करें। करीब दो घंटे तक चली बैठक में कृषि मंत्री ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। दीक्षांत और राज्यपाल के निर्देशों के अनुसार सभी तैयारी करने पर जोर दिया। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. महक सिंह, डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. सीएल मौर्या, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. रामजी गुप्ता आदि मौजूद रहे। (ब्यूरो)

**कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कुलपति सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश**

**कहा- किसानों को धान के बजाय दलहन व तिलहन फसलों के प्रति प्रोत्साहित करें**

■ ***हॉस्टल पहुंचे मंत्री ने पूछा सुविधाएं मिल रहीं:*** *कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गर्ल्स हॉस्टल का भी निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। हॉस्टल की स्थिति, भोजन समेत अन्य सुविधाओं पर चर्चा की। छात्राओं ने बताया कि अब काफी सुधार है। रविवार को लाइब्रेरी खुलने के साथ रोजाना सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक खुलती है।*

# आई... से बि...

संचार तकनी...

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। आईआईटी ... निगम लिमिटेड (बीएस... डिजिटल तकनीकों के ... करार किया है। दोनों ... विकास के साथ स्वदेश... डायरेक्ट-टू-मोबाइल ... जिसमें बिना इंटरनेट ... अन्य जानकारी भेजी ज...

शिक्षा, आपदा चेता... लोगों तक तेजी से पहुंच... और आने वाली नई सं... इंटेलिजेंस (एआई), ... जैसे क्षेत्रों में काम करें...

एमओयू पर आईआ... मणींद्र अग्रवाल और बी... गर्ग ने हस्ताक्षर किए। ... अभय करंदीकर, ... सीएमडी ए रॉबर्ट ... फाउंडेशन की सीईओ... (आई) के अध्यक्ष ... अधिकारी, संकाय सद... रहे। अधिकारियों के ...

# संभावि... निपट...

कानपुर। संभावित बा... संकट से निपटने की ... लिए गुरुवार को जिले ... हुई। उत्तर प्रदेश ... प्राधिकरण और रा... प्राधिकरण के निर्देशन... जिला प्रशासन, पु... अग्निशमन, स्वास्थ्य, ... और आपदा मित्रों ने सं...

अभ्यास की शुरु... नदियों का जलस्तर ... घाटमपुर क्षेत्र के गांव...